<u>**सराहनीय कार्य**</u>
<u>**प्रेस नोट**</u>
<u>**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**</u>
<u>**दिनांक 28.11.2023**</u>

## नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों में अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 28.11.2023 को थाना छपिया पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम सकदरपुर गांव के पास नहर स्थित चौराहे से नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त–करन उर्फ लैसू को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना छपिया क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लडकी को बहला–फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की माता द्वारा थाना छपिया में अभियोग पंजीकृत हुआ था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

01. करन उर्फ लैसू पुत्र राजेन्द्र कुमार गौतम नि0 सकदरपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–87/23, धारा 363,366,376 भादवि व 3/4 पॉक्सो ऐक्ट थाना छपिया जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

उ0नि0 रजनीश कुमार द्विवेदी मय टीम।

**<u>सराहनीय कार्य</u>**
**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>मीडिया सेल, जनपद गोण्डा</u>**
**<u>दिनांक 28.11.2023</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन मे थाना खरगूपुर की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से 4,850/– फ्रॉड गई धनराशि मिलने पर पींडित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, गोण्डा पुलिस को ह्रदय से दिया धन्यवाद–</u>**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने जनपदीय साइबर सेल व थानों पर स्थापित साइबर हेल्प–डेस्क को साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु समय–समय पर जन–जागरुकता अभियान चलाकर साइबर अपराधो से बचाव हेतु जनसामान्य को जागरुक करने तथा साइबर फ्रॉड से पीड़ित अभियुक्तों के प्रार्थना पत्रों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 देहात की साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक साइबर के मार्गदर्शन में साइबर फ्रॉड से पीड़ित विद्यार्थी आशीष तिवारी नि0 ग्राम माफिया बनघुसरा थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा जिसका खाता एयरटेलपेमेंट बैंक में था। आवेदक के मोबाइल पर स्पाइस मनी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया था जिसमे स्पाइस मनी की फाइल भी अटैच थी जिसको ओपन करते ही आवेदक के खाते से साइबर हैकर द्वारा 4850 रू0 काट लिए थे कि शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 1930 पर काल कराकर आवेदक का शत–प्रतिशत् पैसा 4850/– रू0 बैंक में होल्ड करा कर आज दिनांक 28.11.2023 को थाना कोतवाली देहात द्वारा साइबर पोर्टल पर काम कर और स्पाइस मनी, एयरटेलपेमेंट बैंक के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत रूपया 4850/–धनराशि को पुनः आवेदक के खाते में वापस करायी गयी। पीड़ित को पैसे वापस मिलने पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा एवं को0 देहात साइबर हेल्प डेस्क टीम जनपद गोण्डा का आभार व्यक्त किया गया ।

**<u>साइबर हेल्प डेस्क टीम–</u>**
01. नि0 शिवानन्द प्रसाद।
02. मा0आ0 दिपांशी मिश्रा ।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 28.11.2023

### शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल–09 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा–151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

### 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोंडा के थाना खरगूपुर पुलिस ने 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।